डॉ. मनसुख मांडविया
DR. MANSUKH MANDAVIYA

सत्यमेव जयते

मंत्री
श्रम एवं रोज़गार
व युवा कार्यक्रम एवं खेल
भारत सरकार
Minister
Labour & Employment
and Youth Affairs & Sports
Government of India

# संदेश

भारत के विकास और युवा शक्ति के इस स्वर्णिम युग में अटल बिहारी वाजपेयी स्किल यूनिवर्सिटी की स्थापना एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी पहल है। मेरे विचार में यह केवल एक विश्वविद्यालय नहीं, बल्कि अटल विचारों, आत्मनिर्भरता के संकल्प और विकसित भारत के सपनों का सजीव प्रतीक है।

भारत रत्न, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का समर्पित जीवन राष्ट्रसेवा, उत्कृष्ट नेतृत्व और शिक्षा के माध्यम से सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग दिखाता रहा है। ऐसे में मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय उस विचारधारा को आगे बढ़ाने का सेतु बनेगा, जिसमें शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि कर्म, कौशल और करुणा का सुंदर संगम कहलाती है। स्वयं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत 2047 के संकल्प की मूल भावना भी इसी दृष्टि से जुड़ी है। यह विश्वविद्यालय उसी विज़न का साकार रूप है, जो देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में लाखों युवाओं को नया आत्मविश्वास और अवसर प्रदान करेगा।

मुझे विश्वास है कि सिक्किम में स्थापित यह संस्थान न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि नॉर्थईस्ट ही नहीं, पूरे देश में उद्योग, नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा। यहाँ से निकलने वाले विद्यार्थी ज्ञान के साथ-साथ जीवन मूल्यों और राष्ट्रप्रेम की भावना से भी परिपूर्ण होंगे।

इस नई शुरुआत पर मैं विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। आशा है कि यह संस्थान आने वाले वर्षों में विकसित भारत की यात्रा का एक प्रेरक मील का पत्थर बनेगा।

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

120, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : +91-11-23717515, 23710240 फैक्स : +91-11- 23711708
120, Shrarn Shakti Bhawan, New Delhi-110001 Phone : +91-11-23717515, 23710240 Fax : +91-11- 23711708
ई–मेल / E-mail : minoffice-mole@nic.in